प्रश्नोतर से संबंधित परिशिष्ट

परिशिष्ट 'सड़सठ' [29/2/2016]

प्रश्न सं. [क्र. 2694]

विधान सभा प्रश्न क्रं. 2694 के प्रश्नांश क का परिशिष्ट–एक

विभाग के कौशल विकास से संबंधित उददेश्य गतिविधियॉ तथा बजट का विवरण

1 उद्देश्य–

- उदीयमान प्रौद्योगिकी पाठ्यक्रम उपलब्ध कराना।
- रोजगारोन्मुखी एवं स्व–रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों का सतत् विश्लेषण एवं आधुनिकीकरण।
- आवश्यकतामूलक आधार पर विकास हेतु संरचना उपलब्ध कराना।
- गतिशील औद्योगिक परिवेश में उद्योग एवं तकनीकी संस्थाओं के बीच समन्वयक की भूमिका का निर्वाह करना।
- रोजगारोन्मुखी परिदृश्य में अनौपचारिक शिक्षा के क्षेत्र में कौशल उन्नयन ।
- उद्योगों की आवश्यकता अनुरूप निरन्तर पाठ्यक्रमों के माध्यमों से कौशल उन्नयन।
- व्यावसायिक एवं प्रबन्धकीय कुशलताओं का उन्नयन ।

2. गतिविधियॉ एवं कार्ययोजना–

2.1 शिल्पकार प्रशिक्षण योजना के अन्तर्गत आईटीआई में एक तथा दो वर्ष के नियमित पाठ्यक्रम संचालित किये जाते हैं। ये प्रशिक्षण राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद अथवा राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद के तहत संचालित किये जाते हैं।

2.2 शिक्षु प्रशिक्षण योजना के तहत आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी विभिन्न प्रशिक्षणार्थी अप्रेन्टिस के रूप में नियोजित किया जाता है तथा निर्धारित अवधि का प्रशिक्षण पूर्ण करने के उपरान्त शिक्षु परीक्षा का आयोजन किया जाता हैं।

2.3 मध्यप्रदेश व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण परिषद् द्वारा केन्द्र शासन की योजना के अन्तर्गत माडयुलर एम्प्लायबल स्किल्स के तहत प्रशिक्षण संचालित किया जाता है। साथ ही कौशल विकास केन्द्रो के माध्यम से अल्प अवधि के पाठयकम संचालित किये जाते है। वर्तमान में 135 विकासखण्डों में कौशल विकास केन्द्र संचालित है।

3. बजट–

कौशल विकास से संबंधित विभाग का वित्तीय वर्ष 2015–16 का नॉन प्लान का बजट राशि रू. 122.70 करोड तथा प्लान का बजट राशि रू. 385.00 करोड है।

उप संचालक

कौशल विकास मध्यप्रदेश